तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

10 अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर करता था...



10 जंगल गए युवक पर भालू ने किया हमला, लहूलुहान ...





# मानसून में राष्ट्रीय उद्यान में जिप्सी के शुरू होने से चालकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में घूमने के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक है। यहां के झरने और जंगलों में सालभर पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। बस्तर में लगातार बारिश के कारण यहां के जलप्रपातों का सौंदर्य दुगुना हो गया है। बस्तर के कांगेर घाटी का तीरथगढ़ जलप्रपात, चित्रकोट के बाद सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बन चुका है, जिसे देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा झूलनादरहा, रानीदरहा, चिकनादरहा और कांगेर धारा जैसे अन्य जलप्रपात, जो बारिश के मौसम में ही देखे जा सकते हैं। यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के आसपास तीरथगढ़ सहित झूलनादरहा, रानीदरहा, चिकनादरहा और कांगेर धारा जैसे जलप्रपात पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं। बाहरी पर्यटक, जिनके पास परिवहन की सुविधा नहीं होती, इन सुंदर नजारों का आनंद नहीं उठा पा रहे। इस समस्या के निराकरण के लिए बंद जिप्सी की सेवा उपलब्ध कराई गई है, जिससे जिप्सी चालकों और गाइडों को रोजगार मिलेगा और पर्यटक भी इन सुंदर स्थलों का आनंद उठा रहे हैं। जिप्सी में भ्रमण के लिए गाइड के साथ विभिन्न रूट तैयार किए गए हैं।

## पार्क के आसपास जलप्रपातों के भ्रमण के लिए जिप्सी सुविधा

बारिश होते ही जलप्रपात आए शबाब पर



### पर्यटकों की सुविधा पर जिप्सी शुरू

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि मानसून के दौरान बस्तर के जलप्रपात पर्यटकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। इस दौरान जिप्सी बंद रहे, लेकिन गुफाओं को छोड़कर अन्य स्थानों के लिए पर्यटकों की सुविधा पर जिप्सी का संचालन शुरू किया गया।

**मरम्मत:** भुवनेश्वर से पहुंचे चीफ ट्रेक इंजीनियर, डीआरएम के साथ किया ट्रेक का निरीक्षण

# भारी बारिश के बीच बाधित केके लाइन की मरम्मत की गई पूरी, पर रेल परिचालन नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शहर से लाभग 80 किमी दूर ओडिशा के कोरापुट रेल सेक्शन में सम्मलित रायगड़ा रेल मंडल अंतर्गत किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन में बुधवार को मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के मध्य पहाड़ से मिट्टी और चट्टान का मलबा पटरी के ऊपर समाने की घटना हुई। जिसे रायगड़ा और विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम अमिताभ सिंघल और ललित बोहरा के दिशा निर्देश और कार्य स्थल पर जोरशोर से चले सुधार व मरम्मत कार्य के बाद बाधित रेल लाइन को शुक्रवार देर शाम 6 बजे बहाल कर दिया गया। लेकिन अभी भी स्थल पर खतरा टला नही है। कारण जिस स्थल पर लैंड स्लाइड की घटना हुई उस स्थल की पटरी के नीचे की मिट्टी और चट्टान ▶▶|शेष पेज 10 पर

- रेल पटरी के नीचे की मिट्टी ढीली और नरम हुई, पटरी धनुषाकार हुई





### रेलवे को करोड़ो के नुकसान का अनुमान

*रेलवे की तकनीकी टीम के अनुसार भूस्खलन से रेललाइन पर लगभग 30 हजार घनमीटर मलबा गिरे मलबा व बोल्डर साफ करने के बाद सिग्नल सिस्टम का काम जोरशोर से जारी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भूस्खलन से रेलवे को माल परिवहन से लगभग 2 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा का नुकसान रेलवे को उठाना पड़ रहा है। बीते 48 घंटों से ज्यादा समय तक लगातार दिन-रात 16 हेवी ड्यूटी एस्केवेटर और 300 से ज्यादा मजदूरों ने 25 हजार घनमीटर मलबा हटाने का काम किया। इसके बाद शुक्रवार को पूरा मलबा हटाने के बाद पटरियों को बिछा दिया गया है।*

### ओएचई का काम जारी

*ओएचई यानि बिजली सप्लाई और सिग्नल सिस्टम का काम जारी हैं। डिवीजनल रेलवे मैनेजर और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में चौबीसों घंटे काम किया। त्वरित प्रतिक्रिया पर वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की व्यक्तिगत निगरानी रही, जिनमें वाल्टेयर डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ललित बोहरा, डीआरएम रायगढ़ अमिताभ सिंघल, अतिरिक्त डीआरएम और अन्य शीर्ष स्तर के अधिकारी शामिल थे।*

### सिग्नलिंग और ओएचई कार्य चल रहा

*ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने कहा कि सिग्नलिंग और ओवरहेड इक्विपमेंट से संबंधित बहाली कार्य पूरा होने के तुरंत बाद ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। हालांकि रेक समायोजन और कोचिंग रेक की अस्थायी अनुपलब्धता के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द या आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है और कुछ ट्रेनों को रेक समायोजन के लिए कोरापुट तक चलाया जाएगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनीयात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक रेलवे चैनलों के माध्यम से नवीनतम अपडेट लेकर ही यात्रा करे।*

## चिंतलनार जगरगुण्डा एरिया में सक्रिय दो नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक के चिंतलनार जगरगुंडा एरिया में सक्रिय दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संयुक्त टीम को रवाना की गई थी। इस दौरान ग्राम तिम्मापुरम की घेराबंदी कर थाना चिंतलनार के प्रकरण में फरार चल रहे जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय दो नक्सली हेमला सुक्का पिता हेमला भीमा मिलिशिया सदस्य व तेलाम हड़मा पिता जोगा मिलिशिया सदस्य निवासी ग्राम तिम्मापुरम थाना चिंतलनार को पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिम्मापुरम के ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने की नीयत से लाठी डण्डे से मार-पीट करना एवं रस्सी से गला घोंटने। ग्रामीण को मृत समझ कर अधमरा छोड़कर कर जंगल की ओर भाग जाने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे है। थाना चिंतलनार में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध थी। दोनों आरोपियों को रविवार के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### फुटबाल स्पर्धा का महापौर पांडे ने किया शुभारंभ

**जगदलपुर।** जिला फुटबाल संघ द्वारा स्व. सिद्धार्थ मिश्रा की स्मृति में प्रियदर्शिनी स्टेडियम में डीएफए ट्राफी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, संतोष मिश्रा, गौतम कुंडू, मोहन राज बसु, दंतेश्वर राव, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर के एल आजाद, राजेश राव, रविंद्र पटनायक, विश्वजीत भट्टाचार्य, दिलीप दास, रूपक मुखर्जी, दीपक वाधवानी, जोगेंद , ललित सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### फुटू 100 रुपए जूड़ी व बोड़ा 100 रुपए सोली बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को नारायणपुर से आया फुटू 100 रूपए जूड़ी एवं नानगुर से आया बोड़ा 100 रूपए सोली में बिका है। साथ ही लोकल टमाटर बाजार से गायब होने के चलते बैंगलोर के टमाटर 25 रूपए किलो में लोग खरीद रहे हैं। बाजार में करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 50, भिंडी 60, आलू 25, प्याज 25, अदरक 180, लहसून 250, पालकभाजी 80 एवं धनियापत्ती 200 रूपए किलो में बिक रहा है। बारिश होने के बाद भी शहरीय सहित ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे थे।

### रक्तदान शिविर में मिला 20 यूनिट ब्लड



**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा सेवा सप्ताह के अवसर पर जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 यूनिट ब्लड मिला। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. नीरज, डॉ. ठाकुर, डॉ. डाकेश, ब्लड सेंटर के कर्मचारियों के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ।

### बाबा सत्यनारायण ने श्री जगन्नाथ की पेंटिग बनाकर राष्ट्र जागरण का अलख जगाया



**जगदलपुर।** देशभक्त, राष्ट्र चिंतक, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध गायक, चित्रकार बाबा सत्यनारायण मौर्य शनिवार को बाहुड़ा गोंचा पूजा विधान में शामिल हुए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, भगवान श्रीराम की पेंटिग बनाया और अपने चिरपरिचित अंदाज में देश भक्ति की बाते श्रोताओं के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष तौर पर भगवान श्रीजगन्नथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के मनमोहक पेंटिग बनाया। सर्व हिंदू समाज के सचिव रंजीत पांडे ने बताया कि बाबा सत्यनारायण मौर्य का बस्तर गोंचा महापर्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम सुनिश्चित नही था। सर्व हिंदू समाज एवं 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अनुरोध पर उन्होंने इस कर्यक्रम के लिए सहमित दी।

## सास-ससुर ने पेश की मिसाल, विधवा पुत्रवधू का किया बेटी की तरह कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर



शहर निवासी सीता-श्यामलाल देवांगन ने अपनी विधवा पुत्रवधू गायत्री का फिर से विवाह कराकर अनुकरणीय पहल प्रस्तुत किया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधवा पुत्रवधू का पुनर्विवाह कर बहू को नई नई जिंदगी देने वाले सीता-श्यामलाल देवांगन ने मिशाल पेश की है। उन्होंने विधवा पुत्रवधु का बेटी की तरह कन्यादान किया। उनके बेटे पारस देवांगन का विवाह रायगढ़ के चुन्नी हरिलाल देवांगन की पुत्री गायत्री के साथ हुआ था। कोरोना काल में एकलौते बेटे की मौत हो गई। पुत्रवधू के लिए रिश्ता ढूंढ लिया और बेटी की तरह पूरे रीति रिवाज से विवाह आशीष से कर दिया व विदा किया। उन्होंने माता -पिता का फर्ज निभाते हुए कन्यादान किया। आशीर्वाद देने पहुंचे लोगों से उपहार में केवल एक रुपये ही स्वीकार किया।

- लोगों से उपहार में एक रुपये ही किया स्वीकार

## डीए सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा मांगपत्र



**जगदलपुर।** रमऊ लाल सार्वा कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष,यूधर्मेन्द्र पटनायक प्रदेश मंत्री,चन्द्रप्रकाश देवांगन-प्रदेश प्रचार मंत्री, उमेश प्रताप सिंह-कार्यकारी जिला अध्यक्ष और लोकेश साहू-चतुर्थ वर्ग प्रकोष्ठ पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति देकर कर्मचारी हितैषी मांगों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय सरकारी कर्मचारी परिसंघ के द्वारा 17 जून 2025 को लिए गए निर्णय तथा राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर देशव्यापी आंदोलन कार्यक्रम के तहत 3 जुलाई को राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ की ओर से डिप्टी कलेक्टर-मायानन्द चन्द्रा को मांगपत्र सौंपा । प्रमोद यादव-जिला सचिव, विजय साहू-संगठन मंत्री,अमित कुण्डू-जिला प्रचार मंत्री एवं धर्मराज चौधरी ने बताया कि केंद्र के समान जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर राशि सहित देने तथा मध्य प्रदेश की भांति महिला कर्मचारियों को वर्ष में 7 दिवस का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने एवं प्रदेश के कर्मचारियों के लिए न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रशासनिक न्यायाधिकरण सेट की स्थापना रायपुर में करने और प्रदेश के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने की माँग की गई है। रामेश्वर यादव-सह सचिव ने सभी का आभार प्रकट किया।

## पीपल के पौधे लगा सरोवर को किया हरा भरा

महापौर ने मां की स्मृति में रोपा पीपल का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के चंद्रशेखर आजाद सरोवर के चारों तरफ पीपल के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पीपल्स केयर संस्था के कार्यक्रम मे महापौर संजय पांडे ने अपनी माता की स्मृति में पीपल का पौधा रोपित किया। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने भी पीपल का पौधा लगाया।

इस मौके पर पार्षद सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, नरसिंह राव, हरीश पारेख, महेश राव, रोशन झा तथा स्वयंसेवकों ने पीपल के पौधे लगा कर सरोवर को पूर्ण रूप से भविष्य के लिए सुरक्षित कर ऑक्सीजन जोन की नींव रखी। इस अवसर पर पीपल्स केयर के संयोजक योगेंद्र कौशिक ने बताया पीपल के ये पौधे न सिर्फ हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा देंगे, बल्कि शहर की हरियाली में भी इजाफा करेंगे। अभियान में शामिल स्कूली बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर पीपल्स केयर के सुरेश यादव, किशोर जाधव, अजय परमार, शेखर बोश, प्रमोद मोतिवाला, अनिरुध मिश्रा, ओम प्रकाश सोनी उपस्थित रहे।*

शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए घर- घर कर रहे संपर्क

## बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति माहौल तैयार करने में जुटे प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



विकास खण्ड दरभा अंतर्गत दो संकुल केंद्र छिंदबहार एवं ककनार अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति आकर्षण और माहौल तैयार करने संकुल प्राचार्य बुधराम कश्यप छिंदबहार ककनार के स्कूलों में पहुंचकर पढ़ाई लिखाई के प्रति जागरूक करते हुए ललक पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यही बच्चे हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूल में आते हैं, आगे बढ़ते हैं। यदि सत्र के शुरुआत में ही प्राइमरी मिडिल स्कूल के बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति माहौल तैयार किया जाए तो उसका सुखद परिणाम भविष्य में अच्छा देखने को मिलेगा। साथ ही शालाओं में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए उनके मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों के साथ रैली व घर घर संपर्क किया जा रहा है। बच्चों को रोज मध्याह्न भोजन स्वच्छ वातावरण में मिले इसका भी ध्यान व अवलोकन किया जा रहा है। रोज सुबह गांव पारा में ऑटो, पिकअप, ट्रैक्टर बाहर से आते हैं और बहुत से स्कूल पढ़ने वाले बच्चे को ऑटो, पिकअप, ट्रैक्टर में बैठाकर काम कराने ले जाता है। उन्होंने पालकों से पढ़ने वाले बच्चों को काम में न ले जाने की अपील की है। बच्चों को रोक कर स्कूल भेजने का सहयोग भी अन्य लोगों से मांगा है।

### गुणवत्ता लाने में भी जुटे

शिक्षा में गुणवत्ता लाने, पढ़ने, लिखने, बोलने, झिझक दूर करने,रोज दो पेज हिंदी एवं अंग्रेजी वाक्य रफ कापी में साफ साफ लिखकर लाने, लिखावट सुधार करने, इमला लिखने, पहाड़ा याद करने आदि के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस ओर शिक्षकों के सहयोग से काम किया जा रहा है।

## जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

भारत की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं महान चिंतक और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लोहंडीगुड़ा के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मरण किया। चित्रकोट विधानसभा के लोहण्डीगुड़ा मंडल पार्टी कार्यालय में उपस्थित नेता व कार्यकतार्ओं ने उन्हें याद किया एवं उनके छायाचित्र पर पुष्पांजली अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, मंगतू कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, महामंत्री सावेंद्र सेठिया, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, सुकमन कश्यप, सुदरू सेठिया, अजय बघेल, डोमू कश्यप, सीबो कश्यप, तुलाराम, मधुसूदन कश्यप, झितरू कश्यप, गुड्डु कश्यप, सुखचंद ठाकुर उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## 3 कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस जारी



**कोण्डागांव।** कृषि विभाग ने जिले के कृषि सेवा केंद्रों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान ग्राम जुगानी कैम्प में संचालित मंडल कृषि सेवा केन्द्र, आकाश कृषि सेवा केन्द्र एवं स्वास्तिक कृषि केन्द्र में कई अनियमितताएं पाई गईं। विभाग ने तीनों केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण दल में उप संचालक कृषि डी.पी. तांडे, सहायक संचालक कृषि डी.के. शर्मा और निरीक्षक उर्वरक, बीज, पौध संरक्षण आनंद राम नेताम शामिल थे। टीम को निरीक्षण के दौरान स्टॉक बुक अद्यतन नहीं मिली। कैश मेमो निर्धारित प्रपत्र में नहीं दिया जा रहा था। मूल्य सूची केंद्र में प्रदर्शित नहीं थी, अन्य कागजी अनियमितताएं भी देखी गईं। तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इन खामियों के चलते तीनों कृषि केंद्रों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ, तो संबंधित सेवा केंद्रों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अधिकारियों ने दिए सफलता के मंत्र, विद्यार्थियों को मिली दिशा



**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा संचालित लक्ष्य निशुल्क कोचिंग के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए चल रही मार्गदर्शन श्रृंखला प्रेरणा पथ का अगला सत्र 5 जुलाई को आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग उत्तम महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दोनों अधिकारियों ने कोचिंग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने न केवल छात्रों की तैयारियों की स्थिति का मूल्यांकन किया, बल्कि उन्हें आगामी परीक्षाओं को लेकर व्यवस्थित योजना और रणनीति भी सुझाई। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, साफ लक्ष्य, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर अभ्यास सफलता की नींव हैं।

# कोण्डागांव के दो प्राध्यापकों को मिला भारत सरकार का डिजाइन पेटेंट, बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल से एक बड़ी और गर्व की खबर सामने आई है। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के दो प्राध्यापकों को इलेट्रिक व्हीकल बैटरी डिजाइन के लिए भारत सरकार की ओर से डिजाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई है।

रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद और भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष लोचन सिंह वर्मा को सुपरकैपेसिटर–आधारित ईवी बैटरी असेंबली के डिजाइन के लिए डिजाइन पेटेंट संख्या 456185–001 दिनांक 22 अप्रैल 2025 प्रदान किया गया है। यह डिजाइन ऊर्जा–कुशल, तेज चार्जिंग और लंबे समय तक चलने वाली ईवी बैटरी तकनीक को दर्शाता है।

**अन्य वैज्ञानिकों की भी रही अहम भूमिका** – इस इन्वेंशन में डॉ. भवानीशंकर रविंद्र, डॉ. मृणाल साहू, डॉ. तरनजीत सचदेव और मुकेश कुमार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सामूहिक प्रयास अनुसंधान के क्षेत्र में महाविद्यालय की गंभीरता को दर्शाता है।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी डिजाइन में देश स्तर पर मिली अहम पहचान

#### बस्तर से उठी वैज्ञानिक उपलब्धियों की लहर

कोण्डागांव जैसे अपेक्षा—त पिछड़े माने जाने वाले क्षेत्र से वैज्ञानिक पेटेंट की यह सफलता यह साबित करती है कि लगन और नवाचार की भावना सीमाओं की मोहताज नहीं होती। अब बस्तर भी तकनीकी अनुसंधान के नक्शे पर अपनी जगह बना रहा है। इस इन्वेंशन के जरिए ईवी बैटरियों की चार्जिंग में लगने वाला समय काफी कम होगा, वहीं उत्पादन लागत में भी गिरावट आएगी। यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्ष है, जिससे ई–मोबिलिटी के क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद है।



#### छात्रों के लिए बना प्रेरणा का स्रोत

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह सिद्ध करता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प और समर्पण हो, तो शोध और नवाचार की दिशा में कोई भी रुकावट मायने नहीं रखती। इस उपलब्धि के बाद महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में उत्साह की लहर है। सभी ने प्राध्यापकों को बधाई दी और इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

## अपराध : महिलाओं को बनाया था निशाना, वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

# अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर करता था शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

आरोपी केशकाल निवासी अमान वीरानी पीडिता का अश्लील फोटो व विडियो बनाकर वॉयरल करने की धमकी देकर लगातार उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक शोषण कर व अश्लील फोटो व विडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर डरा धमका कर पैसे की माँग करता था। आरोपी अमान वीरानी पीडिता के अतिरिक्त भी कई लडकियों/महिलाओं से दोस्ती कर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उनके अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करता था और फोटो वीडियो को वॉयरल करने की धमकी देकर उनके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था और पैसे की माँग करता था।

- कोण्डागांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

लगातार ब्लैकमेलिंग करने, पैसे की उगाही व शारीरिक शोषण से परेशान होकर पीडिता द्वारा कोण्डागॉव पुलिस के समक्ष आरोपी अमान वीरानी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया, पीडिता की रिपोर्ट पर कोण्डागॉव पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 64(1), 64(2) (ड), 308(2). 324(4), 115(2), 351 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव श्रीमान वॉय. अक्षय कुमार के निर्देशन में एवं एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल व पु०अनु०अधि० केशकाल श्री अरूण कुमार नेताम के मार्गदर्शन में कोण्डागाँव पुलिस द्वारा तुरंत आरोपी के सकूनत पर दबिश देकर आरोपी अमान वीरानी पिता मो० इकबाल वीरानी जाति मुसलमान उम्र 24 वर्ष निवासी मस्जिद गली वार्ड 11 थाना केशकाल जिला कोण्डागाँव को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय केशकाल के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है। प्रकरण में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

#### इनकी भूमिका रही अहम

*संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी केशकाल ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सउनि हेमंत देवांगन, सउनि सुमित्रा सेठिया, प्रआर 116 ललित नेताम, प्रआर 58 संजय बिसेन, मआर 3071 सोनल यादव एवं बतौर सहयोगी थाना प्रभारी कोण्डागाँव टामेश्वर चौहान, साइबर सेल से उनि अमिताभ खाण्डेकर, आर 744 संतोष कोडोपी, आर 808 बिज्जू यादव, आर 743 गिरजू शोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# जंगल गए युवक पर भालू ने किया हमला, लहूलुहान हालात में पहुंचा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के ग्राम सिदावण्ड के जंगल में फुटू निकालने गए एक युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। घटना में युवक को गले और हाथ में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हालत में किसी तरह घर पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया।

घायल युवक की पहचान अर्जुन सिंह शोरी उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई है, जो शनिवार सुबह अपने गांव के पास स्थित जंगल में अकेले फुटू मशरूम निकालने गया था। इस दौरान झाड़ियों के पीछे से अचानक एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। अर्जुन ने किसी तरह जान बचाकर भागने की कोशिश की, लेकिन तब तक भालू ने उसके गले और बाएं हाथ पर गहरी चोटें पहुंचा दी थीं।



#### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

*इस घटना के बाद से ग्राम सिदावण्ड और आस-पास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू की निगरानी बढ़ाने और गश्ती टीम तैनात करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।*

#### प्राथमिक इलाज के बाद किया गया रिफर

परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के डिप्टी रेंजर मौके पर पहुंचे और घायल अर्जुन से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। साथ ही वन्य जीव क्षतिपूर्ति योजना के तहत सहायता देने की बात भी कही गई है।

# क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को देखने पहुंचे सांसद, लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा

खबर का असर

नगर से महज कुछ दूरी पर केशकाल आमाबेड़ा मार्ग पर बड़े खौली नदी पर बनवाये गये उच्च स्तरीय पुल की क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वॉल को देखकर सांसद भोजराज नाग ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त कार्रवाई करने की बात कही। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के दूसरे ही दिन सांसद भोजराज नाग मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त रिटर्निंग वाल को देखा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही एवं गुणवत्ता की जांच करके सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहिए । उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 380 लाख रुपए की लागत से इस उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया । पुल निर्माण को मात्र गिनती के कुछ दिन बीत पाया है। पहली बरसात की फुहार में ही रिटर्निंग वॉल ताश के पत्ते की तरह ढह गया है । अभी ठीक से बरसात भी नहीं हुई है। जब अच्छी बरसात होगी और तेज गति से बहती हुई नदी उफान पर आएती तो पता नहीं इस उच्च स्तरीय पुल का और इसके रिटर्निंग वाल का क्या हाल होगा।



## मां के नाम किया पौधारोपण...



**कोंडागांव ।** 5 जुलाई 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे डोंगर परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आज वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश सैमसंन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, यशवंत देवांगन, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार एवं छात्र मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान विचारक एवं राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, जिला नारायणपुर के जिला कार्यालय सहित शहर मंडल, ग्रामीण मंडल एवं ओरछा मंडल के अनेक बूथों में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

- नारायणपुर जिले के विभिन्न मंडलों और बूथों में हुआ आयोजन
- डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी भाजपा की विचारधारा की रीढ़ : वक्ता

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इस अवसर पर उनके बलिदान, विचारों और राष्ट्रहित में किए गए संघर्ष को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें सच्चा राष्ट्रभक्त बताया।

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, वरिष्ठ नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, जिला महामंत्री संदीप कुमार झा, तथा मरण शील, सुदीप झा, प्रशांत सिंह, जैकी कश्यप, किशोर आर्य, प्रवीण गोलछा (पार्षद), प्रीतेश बरडिया, बृज मानिकपुरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



**डॉ. मुखर्जी ने पीढ़ियों को दी राष्ट्रहित की प्रेरणा** -वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का नारा एक देश, एक विधान, एक निशान आज भी देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित की प्रेरणा दी। इसी क्रम में छोटेडोंगर शक्ति केंद्र में भी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन और सोच आज भी भाजपा की विचारधारा का मूल आधार है। कार्यक्रमों के समापन पर कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने व संगठन को सशक्त बनाने हेतु सतत कार्यरत रहेंगे।

# वाहन से स्टेयरिंग जैक व छड़ चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव पुलिस ने स्टेयरिंग जैक और छड़ चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों कृष्णा सोरी, संजय नेताम और हीरो यादव को गिरफ़तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सामान करीब 60,000 मूल्य और पिकअप वाहन सीजी 27 पी 1950 बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी एप्पू सिंह निवासी भोण्ड ने 4 जुलाई को थाना कोण्डागांव में शिकायत दी थी कि उसकी पिकअप गाड़ी से चोरी हो गई है। उसमें रखा महंगा स्टेयरिंग जैक और छड़ गायब है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल और रूपेश कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। साक्ष्य के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



**कार्रवाई में इनकीरही भूमिका** – टामेश्वर चौहान थाना प्रभारी कोण्डागांव, सउनि प्रियंका सिन्हा, आरक्षक नवीन बिसेन 571, आरक्षक अजय नेताम 244 कोण्डागांव पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस की इस तेज कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भाव और विश्वास और मजबूत हुआ है।

# मोहर्रम पर अकीदत के साथ शहादत को किया याद, अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम रविवार को नारायणपुर जिले में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में नारायणपुर मुस्लिम समुदाय ने रोज़ा रखा वही आशुरे की नमाज अदा कर देश में अमन और चैन की दुआएं मांगी।

- करबला की कुर्बानी आज भी देती है इंसानियत और न्याय का संदेश : खान
- ग़म और सब्र का महीना : परंपरा और इबादत के साथ मनाया गया मोहर्रम



अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर (अध्यक्ष) मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि मोहर्रम केवल ग़म का महीना नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और बलिदान की प्रेरणा का प्रतीक है। करबला की घटना आज भी इंसानियत को सबक देती है कि अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना जरूरी है। इस मौके पर पुलिस प्रशासन यातायात द्वारा सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किया गया था।

#### ये रहे मौजूद

नए इस्लामिक साल में यंग इस्लामिया कमेटी नारायणपुर युवाओं ने बड़े शिद्दत के साथ जय स्तम्भ चौक खीचड़ा तक़सीम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया मुख्य रूप यंग इस्लामिया कमेटी नारायणपुर के अध्यक्ष आसिफ सचिव मोहम्मद ज़ैद, जैश, रेहान, अफज़ल, फ़हीम, अल्तमश, सारीबफैजान, जिशान,शादाब, ज़ाहिद, सूफियान, अली, अकरम, फ़ैज़ान, साक़ीब, अफ़्फान, रेहान, मोहम्मद अली मौजूद रहे। यंग कमेटी के सरपरस्त सैयद अख्तर अली के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस मौके पर मोहम्मद इलियास, हाफिज रब्बानी, शेखतौहीद, जुनैद, अब्दुल जब्बार, अनवर, शकील सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नागरिकों के द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

# बैगलेस डे पर जुम्बा और योग का रहा उत्साह



**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में हर शनिवार को छात्र और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ बैगलेस डे मनाते हैं। प्रधानाचार्य श्यामल चंद्र डे सहित सभी शिक्षक और छात्र सक्रिय रूप से जुम्बा सत्र में भाग लेते हैं। नियमित पीटी और योगाभ्यास, जुम्बा के साथ मिलकर, छात्रों में नृत्य, शारीरिक गतिविधि और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के प्रति गहरी रुचि जगाई है। इन आकर्षक सत्रों के आयोजन और नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षिका कंचन धांगर की भूमिका प्रमुख रही है, जिनके प्रयासों से यह पहल सफल हुई।

पेज 9 का शेष

## भारी बारिश के ....

भारी बारिश में पूरी तरह से नरम होकर गीली मिट्टी ढीली पड़ गई है। जिसके चलते पटरी में पहले जैसी मजबूती नही रही, बल्कि कमजोर धनुषाकार हो गया है। जिसके चलते किरन्दुल और जगदलपुर से संचालित होने वाली 5 यात्री ट्रेनो के परिचालन 7 जुलाई तक रद्द किया गया है। इधर घटना स्थल पर रेल ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण करने रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर से चीफ ट्रेक इंजीनियर अशोक कुमार मौके पर पहुंचे है।

**48 घंटे के बाद मलबे और चट्टानों को हटाया गया :** किरंदुल-कोत्तवालसा रेललाइन पर मंगलवार को मल्लीगुड़ा-जड़ती स्टेशनों के बीच हुए भूस्खलन के बाद लगभग 48 घंटे बाद पटरियों पर गिरे मलबे व बोल्डरों को हटा दिया गया है।

मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई, सभी वाहन हुए जब्त

# चार दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले चार आरोपी युवक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



मगरलोड पुलिस ने चोरी की चार स्कूटी, मोटरसाइकिल के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। ज्ञात हो कि एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मगरलोड पुलिस ग्राम मेघा की ओर गई थी। इसी दौरान मगरलोड अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो अलग-अलग संदिग्ध स्कूटी में चार युवक बैठे मिले। एक वाहन सफेद रंग की हीरो डेस्टिनी स्कूटी (बिना नंबर प्लेट) तथा दूसरी काली मेहरून रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएन 6200 थी। चारों व्यक्तियों को संदेह के आधार पर थाना लाया गया और गवाहों के समक्ष पूछताछ करने पर उन्होंने अलग-अलग स्थानों से चार दोपहिया वाहनों की चोरी कर अपने पास रखना स्वीकार किया। हीरो डेस्टिनी स्कूटी आरोपी मेघराज उर्फ मेघू के कब्जे से, स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पोषण ध्रुव के कब्जे से, प्लेटिना मोटरसाइकिल आरोपी पोखन निषाद के कब्जे से, काली-मेहरून रंग की एक्टिवा आरोपी लक्ष्मण उर्फ लक्की के कब्जे से प्राप्त हुई।

सभी वाहन गवाहों के समक्ष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना मगरलोड में धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी मेघराज उर्फ मेघू निषाद पिता गौकरण निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम ठेकला थाना मगरलोड जिला धमतरी, पोखन निषाद पिता कुमार निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मोहरेंगा थाना मगरलोड जिला धमतरी, लक्ष्मण उर्फ लक्की निर्मलकर पिता गोपीराम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम आमाचानी थाना मगरलोड जिला धमतरी, पोषण ध्रुव पिता राजेन्द्र ध्रुव उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम मोहरेंगा चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड जिला धमतरी शामिल हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड, प्रआर दीनू मारकंडे, विरेंद्र चंद्राकर, आरक्षक किशन सोनकर, कीर्तन सोनकर, प्रफुल्ल रात्रे, अश्वन साहू सहित पुलिस टीम का योगदान रहा।

# संचालकों को सात दिन के भीतर खाद पंजीयन बनवाने का निर्देश

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होटल, रेस्टोरेंट, खाद्य दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शहर और ग्रामीण क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भण्डार सहित अन्य खाद्य परिसरों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल द्वारा धमतरी स्थित हर्ष सुपर मार्ट, दीपक होटल बठेना, दी जिंजर लीफ रूद्री रोड, भैरूनाथ पावभाजी, सेवन स्टॉर रेस्टोरेंट लक्ष्मी निवास, सोनकर चिकन सेंटर, बादशाह एग रोल, यादव चाट सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसी तरह सूर्या किराना स्टोर्स कोलियारी, माहेश्वरी राइस इण्डस्ट्रीज कुरूद, दिशा किराना एवं जनरल स्टोर्स भखारा, रामस्वरूप किराना स्टोर्स हंचलपुर, रोशनी प्रोविजन स्टोर्स लोहरसी, स्वाद रेंस्टोरेंट रूद्री, गणेश मोमोस, जय जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेज रूद्री का निरीक्षण किया। इस दौरान नमक, बिस्कुट, पनीर, मैदा, चायपत्ती, पका दाल, पनीर की सब्जी, बेसन, साबूदाना व फोर्टिफाइड चावल का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल ने फेमस आलूगुण्डा धमतरी और बादशाह एगरोल रूद्री में अखबारी कागज का उपयोग करते पाये जाने पर उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह रूद्री रोड स्थित भैरूनाथ पावभाजी सेंटर को मेडिकल फिटनेस बनवाने और गणेश मोमोस सेंटर, जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेल एवं गुपचुप सेंटर संचालकों को 7 दिनों के भीतर खाद्य पंजीयन बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच-परखकर, खाद्य पदार्थों की अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस, पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों को खरीदने की अपील की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी होटलों, रेस्टोरेंटों और सड़क किनारे लगाने वाले फूड वेंडरों को उपयोग में लाने वाले जल स्त्रोतों से पानी की जांच पीएचई लैब से करवाकर जांच प्रतिवेदन जमा करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अंचल की खबरें

### सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधरोपण



**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

### टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर त्रिलोक कश्यप, दयालुराम नेताम, असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधानपाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, पार्वती ध्रुव समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### अभाविप ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन





**नगरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद वार्ड में स्थित विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। उन्हें नमन किया । विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रुपेश साहू ने कहा कि हमें विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वे हमेशा कहते थे कि युवा ही देश का भविष्य है और उनमें असीम क्षमता है। उन्होंने कहा उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। इस अवसर पर निखिल नेताम, थरुण निषाद, यश जैन, मुकेश संचेती, खिरभान देव, कुणाल साहू ,यश नाग, प्रशांत भट्ट, नोवल छाजेड़ ,प्रिंस सेन, नमन देवांगन, झनेश यादव, संजय यादव, निलेश नेताम, आदित्य नेताम, अतुल सेन, उपेंद्र साहू, कमल साहू सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खड़े ट्रक से 220 लीटर डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**सेमरा की घटना**



पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से अज्ञात चोर ने टैंक में भरे 220 लीटर डीजल की चोरी कर ली है।

पुलिस के अनुसार उड़ीसा निवासी ट्रक चालक कामा गोड़ पिता भुवन उम्र 27 वर्ष अपने हेल्पर जीतू नायक पिता मोनो उम्र 18 वर्ष निवासी उड़ीसा के साथ 27 जून को ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 9433 में विशाखापटनम से आयरन ओर भरकर रायपुर की एक फैक्ट्री में पहुंचे था। आयरन ओर को खाली करने के बाद 3 जुलाई को चालक ने टाटीबंध रायपुर में स्थित पेट्रोल पंप में 310 लीटर डीजल डलवाया। उसके बाद चालक अपने हेल्पर के साथ ट्रक लेकर चावल भरने धमतरी के लिए निकल गया। भखारा रोड से गुजरते समय बुधवार की रात्रि ट्रक सेमरा मोड़ भखारा के पहले स्थित जगदम्बा फ्यूल्स के पास पहुंचा था। इसी दौरान नींद आने के कारण ट्रक को पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर चालक व हेल्पर वाहन में सो गए। इसी दौरान देर रात्रि किसी अज्ञात चोर ने टैंक का लॉक तोड़कर लगभग 220 लीटर डीजल की चोरी कर ली। गुरूवार की सुबह जब चालक व हेल्पर सोकर उठे तो डीजल टैंक का लॉक टूटा हुआ था। वहीं डीजल टैंक पूरा खाली हो चुका था। चोरी गई डीजल की कीमत 20460 रूपये है। चालक की शिकायत पर भखारा पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शाला नायक दीपा, उप शाला नायक सुरेखा चुने गए



■ शंकरदाह स्कूल में छात्रसंघ का चुनाव हुआ

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में छात्रसंघ का चुनाव हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया प्राचार्य शोभा दुबे एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू के निर्देशन में हुई। निर्वाचन अधिकारी तारामति वैद्य, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रदीप सिन्हा की अगुवाई में निर्वाचन हेतु दो बूथ बनाए गए थे। सफलतापूर्वक निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2, 3 की नियुक्ति की गई थी जिसे एच अंधारे, एम शाह,व्ही तिवारी,ए न साहू, एस गोस्वामी, सरोज ध्रुव ने संपन्न कराया। मतपत्र, संकलन व मतगणना की प्रक्रिया आरके राखेचा, पवन परिहा ने पूर्ण कराई। चुनाव कराने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वस्थ निर्वाचन प्रणाली से अवगत कराना है ताकि भविष्य में वे अपने मताधिकार से परिचित रहे व पूर्णतः अपने मत सदुपयोग करे। प्रथम बार मत का प्रयोग करने के लिए बच्चे उत्साहित रहे। चुनाव पश्चात मतगणना की गई। शाला नायक दीपा बंजारे, उपशाला नायक सुरेखा बंजारे, सचिव गिरधारी, सहसचिव आयुष निर्वाचित हुए।

# एनएचएम के संविदा कर्मचारी विस के मानसून सत्र में करेंगे बड़े आंदोलन

■ लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने पर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की लंबित मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कर्मचारी बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण प्रमुख है। कर्मचारी लंबे समय से यह मांग करते आ रहे हैं क्योंकि वे कई वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेवा, सुरक्षा व सुविधाओं के तहत कर्मचारियों को बीमा, पेंशन, मेडिकल, अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति एवं स्थानांतरण नीति जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलनी चाहिए। इन सुविधाओं से वे अभी तक वंचित हैं। कई राज्यों में घोषित वेतनवृद्धि भी अभी तक लागू नहीं की गई है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघस के प्रतिनिधि मंडल ने मई 2025 में स्वास्थ्य सचिव व मिशन संचालक से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की थी। अधिकारियों द्वारा एक माह में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो माह बाद भी निर्णय या ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में असंतोष है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. अमित ने बताया कि सभी जिले के कर्मचारी आंदोलन में भाग लेने तैयार हैं। जिलाध्यक्षों द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन की अनुशंसा की गई है। उनकी वर्षों पुरानी मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### संशिम के छात्रों ने किया प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का स्वागत





**पुरी।** पर्यावरण बचाने, पेड़ लगाओ अभियान के तहत धमतरी से निकली प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा ग्राम छाती पहुंची। स्वागत गेट के पास सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों एवं शिक्षकों ने साइकिल यात्रा का स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। मेघा में रात्रि विश्राम होगा। ग्राम कुकरेल में साइकिल यात्रा का समापन होगा। लगभग 70 से अधिक साइकिल यात्री थे। विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह जानकारी सशिमं के सचिव नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

# छाती बनेगा इकोनामिक कॉरिडोर, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ गांव में मूलभूत सुविधाओं और रोजगार के लिए बनाई जा रही है विशेष योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम छाती को इकोनामिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने ग्राम छाती का दौरा कर वहां की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बताया कि ग्राम छाती रायपुर और धमतरी के मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित है, जिससे यहां औद्योगिक और आर्थिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि छाती को इकोनामिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने से न केवल ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गांव में पेयजल, स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को भी जाना।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि गांव में बड़े उद्योग स्थापित किए जाएं, ताकि युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर सुलभ हो सकें। इसके साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें हाथकरघा जैसे पारंपरिक कार्यों से जोड़ने की योजना पर भी बल दिया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनर स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना की गई है। इससे जिले के गांवों में निर्बाध रूप से विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। इस अवसर पर एसडीएम पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छाती में मखाना खेती की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



■ गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी किया निरीक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम छाती पहुंचकर मखाना की खेती हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी दी गई कि गांव में कुल 13 तालाब हैं, जिनमें से 10 तालाबों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों की सफाई पूर्ण होने के बाद उनके किनारों पर नारियल के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण लाभ के साथ ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिल सके। कलेक्टर ने सम्बलपुर कृषि विज्ञान केंद्र को निर्देश दिए कि मखाना की खेती के लिए 200 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने शहर के अन्य उपयुक्त तालाबों की भी पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मखाना की खेती को और विस्तार दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छाती गांव में प्रस्तावित गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी अवलोकन किया। मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बाजार में गंगरेल जलाशय से प्राप्त ताजी मछलियों की बिक्री की जाएगी और मछली आधारित व्यंजन भी तैयार कर बेचे जाएंगे।

आज किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण संकट में हैं : अंबिका

# खाद-बीज, महंगाई को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता, बढ़ती महंगाई और प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल द्वारा एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने एकजुट होकर किसान हित में आवाज बुलंद की। इस अवसर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने धरना स्थल पर किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर किसानों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण किसान गंभीर संकट में हैं न तो उन्हें समय पर खाद-बीज मिल रहा है और न ही फसल का वाजिब मूल्य। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को विधानसभा से लेकर सड़क तक हर मंच पर बुलंद करती रहेगी।

विधायक ने किसानों से अपील की कि वे संगठित रहें और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखें। इसी तरह की एकजुटता से ही सरकार पर दबाव बनाकर किसानों की मांगों को पूरा कराया जा सकता है। ब्लॉक प्रभारी एवं पूर्व आयोग अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि किसानों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को शीघ्र खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया गया और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल के अध्यक्ष अखिलेश दुबे ने किया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसान इस देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं की अनदेखी कर सरकार विकास का दावा नहीं कर सकती।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नीलम चंद्राकर जिपं सदस्य एवं प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, वरिष्ठ कांग्रेसी रोहित मानिकपुरी, संतोषी साहू, चंद्रकिरण नेताम, छबि सिन्हा, कमलेश मिश्रा, करण चंद्राकर, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन शामिल हुए।

### सिहावा स्कूल परिसर में 101 पौधे रोपे, सुरक्षा का संकल्प भी लिया

**नगरी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण 2.0 में प्राचार्य एसआर साहू के नेतृत्व एवं तथा जनसहयोग से शाउमावि सिहावा के परिसर में 101 पौधे रोपे गए तथा उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। छात्र-छात्राओं को पौधों का महत्व बताया गया। मुख्य अतिथि ने प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि पेड़ की अत्यधिक कटाई हो रही है। हमें पौध रोपण करना चाहिए साथ ही उस पेड़ की रक्षा का संकल्प भी लेना होगा। प्राचार्य एसआर साहू ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन आधार है। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं स्टाफ के साथ 101 पेड़ों के संरक्षण करने का संकल्प लिया। मौके पर सिहावा सरपंच उषा देवी नाग, उप सरपंच सुनील सिहसार भीतररास, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, शाला समिति सदस्य हलधर शार्दुल, रामराव बघेल, विशिष्ट अतिथि केआर बोघरिया, मनोज सिंह ठाकुर, शशि पटेल, शहजादा खान, दिनेश खंडेलवाल, पीयूष चन्द्र, अरविंद सिंह मारको, प्रदीप साहू, हाजी अब्दुल रज्जाक मौजूद रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

# ऋण के प्रकरणों और किसान क्रेडिट कार्डों पर करें तत्काल कार्यवाही : कलेक्टर

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन की उपस्थिति में शनिवार को जिला कार्यालय में हुई।

कलेक्टर ने बैंकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के हितग्राहियों को जोड़ने शिविर आयोजित करने को कहा । उन्होंने 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को तिमाही स्तर पर बढ़ाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूहों के बैंकों में प्रस्तुत ऋण के प्रकरणों और किसान क्रेडिट कार्डों पर तत्काल कार्यवाही करें, अधिक समय से बैंकों में लंबित रखने से लाभार्थी को योजना का लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि गरीब और आवश्यकता वाले लोगों का तत्काल प्रकरण पास किया जाए,अन्यथा आपके बैंक से शासकीय खाता को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, नाबार्ड के प्रभारी अधिकारी, अग्रणी बैंक अधिकारी जी तिर्की, समिति केसदस्य सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



### खाता चालू स्थिति में हो

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का प्राथमिकता से आधार अपडेट और केवाईसी करवाकर खाता को चालू स्थिति में रखवाएं। ताकि राशि हस्तांतरित करने में कोई दिक्कत न हो। बैठक में आरबीआई के अधिकारी नवीन तिवारी ने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। विलंब के लिए बैंकों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुशंसा करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### फुड डिलीवरी बाइक की रफ्तार पर नियंत्रण जरूरी



**जगदलपुर।** सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस रोहित सिंह आर्य ने कहा कि फूड डिलीवरी बाइक चालक शहर में अंधाधुन तेज रफ्तार से अन्य राहगीरों को ध्यान दिए बगैर गाड़ी दौड़ते हैं। तेज रफ्तार की वजह से फूड डिलीवरी चालक अपनी जान तो जोखिम में डालते ही हैं, साथ ही अन्य राहगीरों पर चोटिल होने का खतरा होता है और वैसे भी शहर में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई फूड डिलीवरी गाड़ियां हैं जिन पर नंबर प्लेट नहीं है,बावजूद इसके वे शहर में सरपट दौड़ रहे हैं।

### स्वीकृत 9.88 करोड़ पर विधायक को साधुवाद



**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि दलपत सागर को संवारने हेतु 9.88 करोड़ की राशि स्वीकृत कराए जाने के लिए मैं विधायक किरण देव को साधुवाद देता हूं। चौधरी ने मीडिया को जारी बयान के माध्यम से विधायक किरण देव से आग्रह किया कि 9.88 करोड़ की स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए सबसे पहले इस बंड को हटाया जाए, ताकि सौंदर्यीकरण कार्य किसी दिखावे का हिस्सा न बने, बल्कि दलपत सागर के अस्तित्व की रक्षा और पुनर्स्थापना की दिशा में सार्थक पहल हो।

### चार जुआरी 1.65 लाख से अधिक की नगदी के साथ दबोचे गए



**कुरूद।** जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए धमतरी पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कुरूद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम भुसरेंगा खार के राखी टापू क्षेत्र में जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को रंगेहाथ पकड़कर बड़ी जब्ती की गई है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से अपराध पर नियंत्रण लाने कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा सतत प्रयास करते दिखाई दे रही है। वहीं कुरुद अनुविभाग के अंदर भखारा, मगरलोड, करेली बड़ी व बिरेझर चौकी में उनके द्वारा तैयार किये गये मुखबिर भरोसे से काम कर रहे हैं जो उन्हें अवैध शराब, गांजा, गोली से लेकर सट्टा-जुआ जैसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों की पल-पल की खबर दे रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कुरूद पुलिस टीम मौके पर दबिश देकर ताश के पत्तों पर बड़ी चोट देकर चार जुआरियों को नकदी, मोबाइल और बाइक समेत गिरफ्तार कर पाई है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, ताशपत्ती, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल समेत कुल 1,65,010 रूपये की संपत्ति जप्त की गई है। चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 03 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## आरटीओ व यातायात पुलिस ने वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

# 72 प्रकरण दर्ज कर 42100 रुपए का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

आरटीओ और यातायात पुलिस ने वाहन चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसका मतलब है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। आरटीओ और यातायात पुलिस का यह कार्रवाई यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने और सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शहर के शहीद पार्कमें शनिवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे, यातायात पुलिस के डीएसपी संतोष कुमार जैन सहित दोनों विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। बताया जा रहा है कि यातायात पुलिस ने तीन दिन में तीव्रगति से वाहन चलाना 8, बहुरंगीय लाईट का उपयोग करना एक, प्रेशर हार्न का उपयोग करना एक, शराब पीकर वाहन चलाना एक, बिना हेलमेट के मोटर सायकल चलाना 16, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना 20, वाहन चलाते समय मोबाईल से बात करना 5, आदेशो का अवहेलना 8, प्रदूषण प्रमाण पत्र न होना 6, नो-पार्किंग में वाहन खड़े करना दो, मौके पर वाहन का दस्तावेज पेश न करना दो एवं बिना वर्दी का वाहन चलाना दो प्रकरण दर्ज किए, इसमें 72 प्रकरण दर्ज कर चालकों पर 42 हजार 100 रूपए का जुर्माना किया।



### यातायात नियमों का उल्लंघन

बताया जा रहा है कि तेज गति से गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करना और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

# बलात्कार के अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

रिश्ते का चाचा ने अपनी भतीजी का बलात्कार किया, जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष फास्ट्रेक कोर्ट के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश वंदना वर्मा ने अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम करवास और 1000 रूपए का अर्थदंड दिया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रीति वानखेड़े ने मामले की पैरवी की।

■ **चाचा ने भतीजी के साथ किया था बलात्कार**

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व पीड़िता और उसके पति ग्राम पखनार के एक मरनी कार्यक्रम पर गए हुए थे। वहां से लौटते समय अपने रिश्ते के चाचा आरोपी राजू उर्फ मंगल कुंजाम के घर पर रुके थे रात में भोजन के बाद जब पीड़िता गहरी नींद में थी। उसी समय उसके रिश्ते का चाचा राजू उर्फ मंगल कुंजाम उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इस घटना की पीड़िता द्वारा थाना कोड़ेनार में मौखिक शिकायत की गई। इसके आधार पर थाना कोड़ेनार में धारा 64 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत 6 अगस्त 2024 को मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और विवेचना पूर्ण कर एफटीसी कोर्ट के समक्ष अभियोजन पत्र प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफसी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश ने अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम करवास और 1000 रूपए का अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं पटाने पर 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

# वज्रपात से बचाव और उपचार पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड में एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब करीतगांव के द्वारा आकाशीय बिजली से बचाव और उपचार के लिए विद्यालय में बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों को बताया गया कि वज्रपात कैसे होता है वज्रपात का होना बादलों में आवेश के बने के कारण होता है। जो 10 करोड़ वाट तक होती है। जो जीवों को बहुत नुकसान कर सकते है। इससे बचने के लिए प्राथमिक उपाय पेड़ों के नीचे न रहे, पानी से दूर रहे, घर पर सभी खिड़की एवं दरवाजे बंद करे, खुले मैदान एवं खेतों से दूर रहे, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग न करे, जमीन पर झुककर बैठ जाए ध्यान रहे , सर नीचे रखे पर जमीन को न छुए एवं हाथ कानों पर रखे।



यदि कोई इस की चपेट में आ जाए तो प्राथमिक उपचार में पहले उसे और अपने को सुरक्षित करे। फिर पीड़ित की नाड़ी देखे ओर जरूर होने सीपीआर दे। तुरन्त डाक्टर के पास ले जाए। कार्यकम प्रभारी व्याख्याता श्री एस आर अली ने प्रयोगों और मल्टीमीडिया का उपयोग कर विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी। और बच्चों को निर्देश दिया कि वो ये जानकारी अपने पालकों को दे जिसे अभी खेतों में काम करते समय वे सुरक्षित रहे। कार्यकम जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के नेतृत्व में हुआ। आयोजन में लोकेश निषाद,वाणी, कल्पना राय ने सहयोग किया। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सफल आयोजन की विज्ञान क्लब को बधाई दी।



# आध्यात्मिक ज्ञान की पुस्तकों का हुआ प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

संत रामपाल महाराज के शिष्यों ने ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत आदि आध्यात्मिक ज्ञान की पुस्तकों का प्रचार शहर के माडिया चौक में किया । शिष्यों ने बताया कि इन पुस्तकों में पवित्र गीता अध्याय 4 श्लोक 34 में वर्णित तत्वज्ञान सर्व धर्म शास्त्रों से प्रमाणित है। जिसके जानने से लोगों को यथार्थ ज्ञान का पता चलता है कि पूर्ण परमात्मा कौन है जिसकी हमें भक्ति करनी चाहिए और वह सुखमय स्थान कौन-सा है जहां जाने के बाद जन्म मृत्यु, वृद्धावस्था का कष्ट नहीं रहता । पुस्तक प्रचार में पाकलू दास ,सहदेव दास, जगदीस दास, मनोज दास, विनोद दास एवम अन्य अनुयाई उपस्थित थे।



# फारेस्ट रेंजर एसोशिएशनश के पदाधिकारियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ फारेस्ट रेंजर एसोशियसन वन वृत्त जगदलपुर में संभागीय अध्यक्ष एवं अन्य पदों का निर्वाचन के लिए शहर के वन विद्यालय के दीक्षांत हॉल में रविवार को बस्तर वनमंडल, दंतेवाड़ा वनमंडल, सुकमा वनमंडल, बीजापुर वनमंडल, इंदावती टायगर रिजर्व (आईटीआर) बीजापुर के वन क्षेत्रपालों की उपस्थिति एवं पूर्व प्रांताध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर, तत्कालीन संभागीय अध्यक्ष जागेश्वर कुमार साहू की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से वृत्त अध्यक्ष बुधराम साहू, वृत्त सचिव अघनश्याम भगत, वृत्त उपाध्यक्ष गुरुवचन सिंह, वृत्त उपाध्यक्ष दीपक बघेल, कोषाध्यक्ष बलदाऊ दास मानिकपुरी, संभागीय संगठन सचिव देवेंद्र सिंह वर्मा एवं राजेंद्र कुशवाह को पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

■ **वृत्त अध्यक्ष बुधराम व संभागीय संगठन सचिव देवेंद्र बने**

# एकादशी पर दूध से हुआ भगवान बालाजी का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बालाजी मंदिर में रविवार को एकादशी की पूजा पूरे विधि-विधान से की गई। आषाढ़ मास की एकादशी के पावन अवसर पर नित्याराधना के बाद भगवान बालाजी, माता श्री देवी, माता भूदेवी, सहित मंदिर में प्रतिष्ठापित देव प्रतिमाओं का दूध एवं दिव्य द्रव्यों के मिश्रण से अभिषेक किया गया। अभिषेक विधान के पश्चात महाभंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के प्रधान अर्चक आचार्य श्रीकांत ने जानकारी देते बताया कि सनातन धर्म में आषाढ़ मास के एकादशी को सर्वाधिक पवित्र दिनों में से एक माना जाता है और यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इस विशेष अवसर पर लोग पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और देवता का आशीर्वाद लेते हैं, इस वर्ष 6 जुलाई को मनाया जा रहा है। भक्तगण इस शुभ मुहूर्त में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर उनसे धन, समृद्धि, दीघार्यु और मोक्ष का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बस्तर जिला आंध्र समाज के अध्यक्ष एम. जयंत नायडू एवं बालाजी टेंपल ट्रस्ट दि बस्तर डिस्ट्रिक्ट आंध्र समाज के चेयरमैन बी. वासुदेव राव एवं सचिव रविभूषण राव ने बताया कि आषाढ़ मास की एकादशी तिथि का खास महत्व होता है। इस दिन पूजा विधान का पालन करने वाले उपासकों पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। इस पर बालाजी मंदिर में बस्तर अंचल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे, भक्तों ने पूजा के पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

■ **बस्तर अंचल के साथ पड़ोसी राज्यों से भी पहुंचे श्रद्धालु**



# छात्र परिषद् अलंकरण समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में छात्र परिषद् अलंकरण समारोह का आयोजन शनिवार को उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को विकसित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार आसनानी द्वारा नवनियुक्त छात्र परिषद के सदस्यों को बैज प्रदान कर एवं सैशे पहनाकर उन्हें पद एवं जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय कप्तान राहुल सिन्हा एवं अमीषा गुप्ता उपकप्तान ऋषभ आसनानी एवं समृद्धि साहा ,सांस्कृतिक कप्तान मुस्कान सिंह एवं भावेश कुमार,खेल कप्तान रजनीश एवं सुहाना सरकार,अनुशासन कप्तान शेख रेहान एवं तनिशा को जिम्मेदारी दी गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि नेतृत्व एक जिम्मेदारी को निष्ठा, समर्पण और सेवा की भावना से निभाना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपेक्षा की कि वे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने साथियों का मार्गदर्शन करें। संचालन शिक्षिका नंदिनी साहा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिकाये ,छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी जीवन में शिक्षा ग्रहण करने में मन लगाएं सफलता कदम चूमेगी : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने कोंटा के हायर सेकेंडरी स्कूल में नव प्रवेशी बालक बालिकाओं से मिलने पहुंची, जहां शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने स्वागत किया ।

■ **कोंटा के हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को प्रोत्साहित किया**

उन्होंने बालक एवं बालिकाओं से संवाद कर पढ़ाई में ध्यान लगाने की बात कही । प्राचार्य दीप ने कहा आयोग की सदस्य पूर्व में शिक्षिका रहीं। समाज सेवा की ओर झुकाव की वजह से त्यागपत्र देकर इस राह को चुना है ।

दीपिका शोरी ने कहा कि यहां आकर मुझे अच्छा लगा और यह सुनकर प्रसन्ता हुई की 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा । 90 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है । पार्षद पी.विजय नायडू ने बताया कि अनुशासन की वजह से यह संस्था पूरे जिले में मशहूर है । आयोग की सदस्य ने बच्चों को उनके अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया व कानूनी जानकारी दी व सभी बच्चों से ऑनलाइन गेम से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सिर्फ शिक्षा ग्रहण करने में मन लगाएं सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला मंत्री कुमारी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष सेमल नरेश व शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



